Whereas, The undersigned being the Authorized Officer of the **AU Small Finance Bank Limited (A Scheduled Commercial Bank)** under the "Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest [Act, 2002 (54 of 2002)] and in exercise of powers conferred under section 13 (12) read with rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued demand notice on the date as mentioned below calling upon the borrowers to repay the amount mentioned in the said notice within 60 days from the date of receipt of the said notice as per the details given in below table: -

| Name of Borrower/Co-Borrower/ Mortgagor/Guarantor/Loan A/c No. | 13(2) Notice Date & Amount | Description of Mortgaged Property | Date of Possession Taken |
|---|---|---|---|
| **(Loan A/C No.) L9001060117921583,** Anil Kumawat (Borrower), Smt.Aarti Kumari (Co-Borrower), Hukum Singh Kumawat (Guarantor) | 13-Jun-25 RS. 1,44,740/- Rs. One Lakh Forty-Four Thousand Seven Hundred Forty Only As On 09-Jun-25 | All That Part And Parcel Of Residential/Commercial Property Land / Building / Structure And Fixtures Property Situated At - Kh No 54, H No 37, Ph No 77, Village- Madhavpur, District - Ujjain, MP **Admeasuring 1274 Square Feet** East: Self Land, West: Road, North: H/O Piru Lal, South: H/O Babulal | 28-Mar-26 |
| **(Loan A/C No.) L9001060821559740,** M/S Anmol Indane Gramin Vitrak (Borrower), Rabi Agrawal (Co-Borrower), Ravi Kumar Agrawal (Co-Borrower) | 11-Nov-25 Rs. 5,35,773/- Rs. Five Lakh Thirty-Five Thousand Seven Hundred Seventy-Three Only As On 10-Nov-25 | All That Part And Parcel Of Residential/Commercial Property Land / Building / Structure And Fixtures Property Situated At - Khasra No. 375, 437/1, P H No 12, Vill - Harangaon, Tehsil - Khategaon, Dist - Dewas, Madhya Pradesh. **Admeasuring 133.33 Sqyds** East: Land Of Seller, West: Deepgaon-Harangaon Marg, North: Broad Seller Land, South: Land Of Seller | 28-Mar-26 |
| **(Loan A/C No.) L9001060114185480,** Ravi Kumar Agrawal (Borrower), Rabi Agrawal (Co-Borrower), Sundarlal Sahu (Gaurantor) | 11-Nov-25 Rs. 5,37,418/- Rs. Five Lakh Thirty-Seven Thousand Four Hundred Eighteen Only As On 10-Nov-25 | All That Part And Parcel Of Residential/Commercial Property Land / Building / Structure And Fixtures Property Situated At- Ph No- 12, Vill- Harangaon, Tehsil- Khategaon, Dist- Dewas, Madhya Pradesh **Admeasuring 1200 Sqft.** East: Land Of Seller, West: Deepgaon -Harangoan Marg, North: 30 Ft Broad Seller'S Land, South: Land Of Seller | 28-Mar-26 |
| **(Loan A/C No.) L9001060825971440,** M/S Guru Kripa Aara Machine (Borrower), Lakshmeenarayan (Co-Borrower), Smt.Gayatri (Co-Borrower) Kuldeep Carpentar (Co-Borrower) | 12-Nov-25 Rs. 1,77,192/- Rs. One Lakh Seventy-Seven Thousand One Hundred Ninety-Two Only As On 10-Nov-25 | All That Part And Parcel Of Residential/Commercial Property Land / Building / Structure And Fixtures Property Situated At - Surevey No.- 659/2, Vill.- Runji Gautampura, Tah.- Depalpur, District - Indore, MP **Admeasuring 160 Square Metre** East: Remanaing Land Of Sufrvey No.- 659/2, West: Plot Of Lalu Chaudharay, North: Kachha Rasta , South: Land Of Ramgopal | 28-Mar-26 |
| **(Loan A/C No.) L9001060122012309,** Smt.Meghna Mahima Masih (Co-Borrower & Legal Heir Of Late Smt. Babita Masih - Borrower) | 05-Dec-25 Rs. 10,62,398/- Rs. Ten Lakh Sixty-Two Thousand Three Hundred Ninety-Eight Only As On 04-Dec-25 | All That Part And Parcel Of Residential/Commercial Property Land / Building / Structure And Fixtures Property Situated At- Survey No.46/1, Mb Nagar, Plot No South Part 43, Ward No. 12 M B Nagar, Tehsil & Dist- Ratlam, MP **Admeasuring 83.33 Sqyds** East- Road , West- Plot No.34 , North- Remaining Part Of Plot No.43, Tejkumar S/O Nathu Ji , South- Plot No.44 | 30-Mar-26 |
| **(Loan A/C No.) L9001060124108946,** Sohan Tanwar (Borrower), Gulab Singh Tanwar (Co-Borrower), Rajesh Tanwar (Co-Borrower) Mahesh Tanwar (Co-Borrower) Ranu Tanwar (Co-Borrower) | 18-Dec-25 Rs. 17,61,595/- Rs. Seventeen Lakh Sixty-One Thousand Five Hundred Ninety-Five Only As On 11-Dec-25 | All That Part And Parcel Of Residential/Commercial Property Land / Building / Structure And Fixtures Property Situated At - Sr No 271/1/Min-1, P H No 03, Gram Rinjlai, Tah.& Distt - Indore, Madhya Pradesh, 452001 **Admeasuring 4000 Sqft.** East: Land Of Chandan Singh, West: Govt. Road, North: H/O Mahesh , South: H/O Sangeeta Bai | 28-Mar-26 |

The borrower having failed to repay the amount, therefore notice is hereby given to the borrower and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein above mentioned table in exercise of powers conferred on him/her under section 13(4) of the said [Act 2002] read with Rule 8 of the said rule on the date mentioned in the above table. "The borrower's attention is Invited to provisions of sub section (8) of section 13 of the Act read with rule 8 (6), in respect of time available, i.e. 30 days from this intimation, to redeem the secured assets."

The borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the **AU Small Finance Bank Limited (A Scheduled Commercial Bank)** for the amount and interest thereon mentioned in the above table.

**Date : 02/04/2026**
**Place : Indore, MP**

**sd/-**
**Authorised Officer AU Small Finance Bank Limited**

## एक नजर

### महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम सम्मेलन मुख्यमंत्री उज्जैन में आज करेंगे शुभारंभ

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शुक्रवार 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का तारामंडल परिसर में शुभारंभ करेंगे। साथ ही उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण भी करेंगे। सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला डिजिटल प्लेनेटेरियम परिसर में आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन और विचारक लेखक सुरेश सोनी भी शामिल होंगे।
बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की पावन नगरी उज्जैन प्राचीन काल से ही काल गणना और खगोल विज्ञान के अनुसंधान की वैश्विक धुरी रही है। एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक और शोधकर्ता यहां बौद्धिक समागम के लिये एकत्रित हो रहे हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों, नीति-निर्माताओं तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों को शोध और विचार प्रस्तुत करने का साझा मंच उपलब्ध कराएगा।

### शराब दुकान की शिफ्टिंग को लेकर विवाद धरने पर बैठी महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन

भोपाल,(निप्र)। भोपाल में दो शराब दुकानों की शिफ्टिंग को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कोलार रोड और विजय नगर इलाके में स्थित इन दुकानों के खिलाफ स्थानीय लोग लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कोलार रोड के मंदाकिनी चौराहे पर दुकान शिफ्ट होने के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और नारेबाजी की। वहीं विजय नगर में महिलाओं ने दुकान के सामने टेंट लगाकर भजन-कीर्तन शुरू कर दिया है। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन महिलाएं अपनी मांग पर अड़ी हुई हैं कि जब तक दुकान को हटाया नहीं जाता, वे धरने पर बैठी रहेंगी। प्रशासनिक स्तर पर भी इस मामले में कार्रवाई की बात सामने आई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा दुकान हटाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विजय नगर की सांईंराम कॉलोनी में स्थित दुकान को हटाने के लिए स्थानीय लोग पिछले एक साल से जनसुनवाई में आवेदन दे रहे हैं लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी। प्रदर्शन में महिलाओं के साथ युवा वर्ग की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।

### मेट्रो का आज से नया टाइम टेबल पैसेंजर का बढ़ेगा इंतजार

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कम यात्रियों के साथ चल रही मेट्रो सेवा का शेड्यूल एक बार फिर बदल दिया गया है। नया टाइम टेबल 3 अप्रैल से लागू होगा। जिसके तहत अब मेट्रो ट्रेनें सुबह 11 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक ही संचालित होंगी। खास बात यह है कि महज तीन महीने और कुछ दिनों के अंतराल में मेट्रो के समय में यह तीसरी बार बदलाव किया गया है। जिससे यात्रियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार सुभाष नगर से एम्स तक के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सिग्नलिंग सिस्टम का काम शुरू होने के कारण संचालन प्रभावित हो रहा है। करीब 30 किलोमीटर लंबे नेटवर्क के लिए 800 करोड़ रुपए के टेंडर के तहत यह काम किया जा रहा है। फिलहाल सिग्नलिंग सिस्टम पूरी तरह तैयार नहीं होने से ट्रेन को डाउन ट्रैक पर चलाया जा रहा है। इसी तकनीकी बाधा के चलते मेट्रो की फ्रीक्वेंसी बढ़ाकर 75 मिनट कर दी गई है। जिससे यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। ऑरेंज लाइन के इस हिस्से पर जारी सिग्नलिंग कार्य के कारण आने वाले दिनों में भी संचालन प्रभावित रहने की संभावना जताई जा रही है, हालांकि यह काम कब तक पूरा होगा। इस पर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। मेट्रो की टाइमिंग में बदलाव की एक बड़ी वजह यात्रियों की घटती संख्या भी बताई जा रही है। शुरूआती दिनों में जहां मेट्रो को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। वहीं धीरे-धीरे यात्रियों की संख्या में गिरावट आई है और वर्तमान में बहुत कम लोग इसका उपयोग कर रहे हैं।

### आरटीई के तहत मिलेगी गरीब बच्चों को शिक्षा

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में शिक्षा के अधिकार के तहत इस वर्ष बड़ी संख्या में बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ने का मौका मिला है। भोपाल के राज्य शिक्षा केंद्र में आज ऑनलाइन लॉटरी खोली गई। लॉटरी प्रक्रिया के जरिए करीब 1 लाख 6 हजार बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए हैं। जहां वे बिना फीस के पढ़ाई कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के लगभग 22 हजार निजी स्कूलों में इन बच्चों को प्रवेश दिया गया है। इस बार कुल 1 लाख 22 हजार 551 सीटों के लिए 1 लाख 78 हजार 714 आवेदन प्राप्त हुए थे। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद पात्र बच्चों को लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किए गए। खास बात यह रही कि करीब 51 हजार बच्चों को उनकी पहली पसंद के स्कूल में दाखिला मिला है, जबकि बाकी बच्चों को उनके द्वारा दिए गए विकल्पों के आधार पर अन्य स्कूल आवंटित किए गए हैं।

### दो किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल,(निप्र)।** भोपाल में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। थाना हबीबगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 2 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है। हबीबगंज पुलिस ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड परिसर के सामने एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा है और गांजा बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल एक विशेष टीम गठित कर मौके पर दबिश दी। वहां मौजूद युवक की पहचान मुखबिर के बताए हुलिए से मेल खाने पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान युवक के पास मौजूद बैग से दो पैकेट बरामद हुए, जिन्हें खोलने पर उसमें करीब 2 किलो गांजा मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वीर बर्रेकर निवासी टीटी नगर भोपाल बताया।

# श्री हनुमान लोक बनेगा धार्मिक पर्यटन केन्द्र : मुख्यमंत्री

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार तीर्थ, परंपराओं, लोक कलाओं और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हुए सतत कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक चेतना का जो नव जागरण हुआ है। मध्यप्रदेश उसका साक्षी बन रहा है। मध्यप्रदेश धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण के स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार सुशासन, जनकल्याण और समन्वय के माध्यम से प्रदेश में रामराज के सपने को साकार करने की दिशा में प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रभु श्रीराम के प्राकट्य पर्व की मंगल बेला में पांढुर्णा के जामसांवली में रघुकुलनंदन के प्रिय भक्त के दिव्यधाम श्री हनुमान लोक के पहले चरण का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव का विश्वास है कि अतुलित बल के स्वामी, परम ज्ञानी, दयालु, श्रीराम के प्रिय भक्त, पवन पुत्र हनुमान जी, लोक मंगल-कर्मठता-विनम्रता-सेवा भाव और समर्पण के प्रतीक हैं। व्यक्ति में सामर्थ्य होने पर वह अक्सर अहंकारी हो जाता है, लेकिन हनुमान जी ने सिखाया कि सच्चा बल वही है, जो सेवा में लगे और जो समर्पित भाव से कार्य करें। मन की एकाग्रता और अनुशासन, पवन पुत्र हनुमान के विशेष गुण हैं। वे कर्मकांड नहीं अपितु



सतत प्रयासों से उद्देश्य प्राप्ति के लिए हमें प्रेरित करते हैं। इन्हीं विचारों और मूल्यों को जामसांवली का श्री हनुमान लोक जीवंत करेगा। श्री हनुमान लोक के प्रथम चरण में मुख्य प्रवेश द्वार एवं प्लाजा का निर्माण हुआ है। मुख्य द्वार से लेकर मंदिर परिसर तक चिरंजीवी पथ का निर्माण किया गया है। इसमें हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों की मूर्तियां स्थापित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर जल्द ही 65 करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से श्री हनुमान लोक के दूसरे चरण के निर्माण कार्य पूर्ण किए जाएंगे।



दूसरे चरण में भक्ति सागर एवं प्रवचन हॉल, यज्ञशाला, पार्किंग, संस्कृत महाविद्यालय, भोजशाला और धर्मशाला का निर्माण होगा।

#### मुख्यमंत्री को मंत्री ने भेंट की हनुमानजी की गदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के छोला क्षेत्र में जन आस्था के केंद्र प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जन्मोत्सव में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का खेल और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने अंगवस्त्रम से स्वागत किया और गदा भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को भी हनुमान जयंती की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में भंडारे और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी हुआ।

#### मुख्यमंत्री ने की स्टेट हैंगर पर हनुमानजी की पूजा

वहीं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर स्टेट हैंगर भोपाल परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने हनुमान मंदिर परिसर में उपस्थित अन्य श्रद्धालुओं को भी हनुमान जयंती की बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को श्री हनुमान प्राकट्योत्सव की मंगलकामनाएं और बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कामना की है कि हनुमानजी की कृपा सब पर बनी रहे, उनके आशीर्वाद से सबको सद्बुद्धि-यश और कीर्ति प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रार्थना की है कि पवन पुत्र बजरंगबली सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, संपन्नता का आलोक प्रकाशित हो।

### पश्चिम बंगाल में जमकर गरजे सीएम डॉ. मोहन यादव,कहा

# ममता अब दीदी नहीं, 'अप्पी' हो गई हैं

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में चुनाव प्रचार किया और अपना जादू बिखेरा। उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता को भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि बांकुरा में आज हमारे सभी प्रत्याशियों का नामांकन भरने का मौका है। यह धरती सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, सुप्रसिद्ध मूर्तिकार राम किंकर की धरती। आज चुनाव का शंखनाद हो रहा है। ममता दीदी के राज में सब परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ममता अब दीदी नहीं हैं। यह अप्पी हो गई हैं। ये बात पूरे देश में सुनाई दे रही है।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकारों को बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। इसलिए यह चुनाव नहीं धर्म युद्ध है। इस माहौल में श्री राम का मंत्र हम सभी को ताकत दे रहा है। आज हमारे बंगाल में यहां का युवा-महिला-गरीब-किसान, सभी लोग बदलाव के लिए खड़े हो गए हैं। सब अपनी आन-बान-शान के लिए लड़ रहे हैं। आज दुनिया की कोई ताकत बीजेपी को बंगाल में सत्ता हासिल करने से रोक नहीं सकती। बांकुरा जिले में 15 साल से सत्ता पर कायम



ममता दीदी के राज में लोग पलायन कर रहे हैं। कोई ओडीशा जा रहा है, कोई महाराष्ट्र जा रहा है, कोई झारखंड जा रहा है। वर्तमान में बंगाल का युवा कंगाल हो रहा है और बांग्लादेशी मालामाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत का कद-उसका मान बढ़ता देख रही है। बांग्लादेश से घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारे अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। बांग्लादेश के लोगों के लिए बंगाल में कोई जगह नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि आपके चेहरे का नूर बता रहा है कि रिजल्ट आने वाला है, भाजपा जीतने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के मंत्र पर चल रहे हैं।

**मजबूत स्थिति में है हमारा देश-**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश फल-फूल रहा है।

**ममता के राज में सब परेशान-** दूसरी ओर, मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किआज बंगाल की धरती पर बांकुरा जिले से हमारे पांच प्रत्याशियों के नामांकन जमा करने के लिए मैं मध्यप्रदेश से आया हूं। जिस प्रकार से यहां हमारे कार्यकताओं के बीच माहौल दिखाई दे रहा है मुझे इस बात की प्रसन्नता है इस पूरे क्षेत्र के अंतर्गत हर एक कार्यकर्ता जोश और उत्साह से भरा हुआ है। बंगाल में ममता दीदी की सरकार से सभी लोग परेशान हैं, बांग्लादेशी घूसपेठियों को जिस तरीके से बढ़ावा दिया गया, हिंदुओं को अपमानित किया गया। आज वह सारा हिसाब चुकता करने का लोकतंत्र में सबसे बड़ा अवसर चुनाव का होता है। ऐसे में निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब देश आगे बढ़ रहा है और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सभी घुसपेठियों सहित सभी प्रकार के आपराधिक तत्वों पर कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनता का रुझान भाजपा के साथ है और निश्चित रूप से बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

# अप्रैल की शुरुआत के साथ प्रदेश में बढ़ने लगी गर्मी

### कई शहरों में पारा 40 डिग्री के करीब,रातें भी हो रही गर्म

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में अप्रैल की शुरूआत के साथ ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। 2 अप्रैल को दर्ज किए गए तापमान के अनुसार प्रदेश के कई शहरों में अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जबकि न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पूर्वी मध्य प्रदेश के खजुराहो में सबसे अधिक 40.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.5 डिग्री ज्यादा है। इसके अलावा दमोह और नौगांव में भी तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं सतना 38.9 डिग्री, टीकमगढ़ 38.8 डिग्री और रीवा 38.2 डिग्री में भी गर्मी का असर साफ दिख रहा है। पश्चिमी और मध्य हिस्सों की बात करें तो रतलाम में 39.5 डिग्री तापमान के साथ सबसे ज्यादा गर्मी रही। ग्वालियर 38.7डिग्री, खंडवा 38.5 डिग्री, धार और खरगोन 38.2 डिग्री भी गर्म शहरों में शामिल रहे। राजधानी भोपाल में अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा कम रहा, लेकिन रात के तापमान में गिरावट देखने को मिली है।

#### रातें भी हो रहीं गर्म-

प्रदेश में न्यूनतम तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है। कई शहरों में रात का तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जबलपुर में न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक है। इसी तरह खजुराहो 23डिग्री, सागर 23 डिग्री और सतना 23.8 डिग्री में भी गर्म रातें महसूस की जा रही हैं।पिछले 24 घंटों में तापमान में मिश्रित बदलाव देखने को मिला है। ग्वालियर में 2.6 डिग्री और दतिया में 2.4 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि भोपाल और जबलपुर जैसे शहरों में हल्की गिरावट भी देखने को मिली। मौसम के इन आंकड़ों से साफ है कि प्रदेश में गर्मी का असर तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में तापमान 40 डिग्री के पार जा सकता है। खासकर बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में लू जैसे हालात बनने की संभावना है। अप्रैल की शुरूआत में ही मध्य प्रदेश में गर्मी ने अपने तेवर दिखा दिए हैं। दिन के साथ-साथ रात का तापमान बढ़ना लोगों के लिए राहत कम और परेशानी ज्यादा बढ़ा सकता है।

### बजट खर्च की नई व्यवस्था, वित्त विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

**भोपाल,(निप्र)।** वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026झ27 के लिए बजट आवंटन और व्यय की पारदर्शी एवं अनुशासित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग ने सभी विभागों को स्पष्ट किया है कि स्वीकृत बजट का उपयोग वित्तीय अनुशासन, मितव्ययता और निर्धारित त्रैमासिक सीमा के अनुरूप ही किया जाए, साथ ही नई योजनाओं पर व्यय से पहले सक्षम प्राधिकारी की अनुमति अनिवार्य होगी।वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजस्व और पूंजीगत व्यय के बजट शीर्षों में प्रावधानित राशि का 100 प्रतिशत आवंटन जारी किया गया है। मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-2) अधिनियम, 2026 के तहत सभी विभागों को उनकी मांग संख्याओं के अनुसार अनुदान स्वीकृत किया गया है। बजट से संबंधित विस्तृत जानकारी बजट पुस्तकों के साथ-साथ वित्त विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई है।

### बीजेपी विधायक का वेयरहाउस ब्लैकलिस्ट

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बैरसिया क्षेत्र में भाजपा विधायक विष्णु खत्री के भागवती वेयरहाउस को खाद्य विभाग ने ब्लैकलिस्ट कर दिया है। इस वेयरहाउस में सरकारी खरीदी शुरू होने से पहले ही 6522.50 क्विंटल गेहूं पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। खाद्य विभाग के अनुसार शिकायत मिलने पर अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर जांच समिति गठित की गई थी। जांच में वेयरहाउस में बड़ी मात्रा में गेहूं संग्रहित पाया गया, जिसमें करीब 5 हजार क्विंटल गेहूं 50-50 किलो के नए बोरों में भरा था, जबकि लगभग 550 क्विंटल गेहूं खुले में रखा मिला। कुल गेहूं की कीमत करीब 1.43 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### कांग्रेस को मध्यप्रदेश में सियासी झटका

# विधायक को सजा से बदलेगा सत्ता का खेल?

#### विधायकी और राज्यसभा चुनाव दोनों पर असर

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश की राजनीति में बड़ा उलटफेर सामने आया है। यहां दतिया से कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती को 27 साल पुराने जालसाजी मामले में दिल्ली की एमपी एमलए कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। हालांकि सजा के तुरंत बाद जमानत जरूर मिल गई लेकिन असली संकट अब उनकी विधायकी पर है। यहीं से शुरू होता है सियासत का नया अध्याय। सवाल यह है कि क्या जाएगी सदस्यता? क्या राज्यसभा चुनाव का गणित बदलेगा?। भारतीय कानून साफ कहता है कि अगर किसी विधायक को 2 साल या उससे ज्यादा की सजा मिलती है, तो उसकी सदस्यता जा सकती है।

यह नियम सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले लिली थॉमस बनाम भारत संघके बाद और सख्त हो गया। कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती से जुड़े इस केस में स्थिति में अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई गई है जिसमें 2 साल और 3-3 साल की सजा सुनाई है। मतलब साफ है कि कानूनी रूप से विधायकी पर संकट गहरा गया है। **क्या बच सकती है कुर्सी?**-हालांकि रास्ता अभी पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। 60 दिन के भीतर हाईकोर्ट में अपील की जा सकती है। अगर कोर्ट सजा पर स्टे दे देता है तो सदस्यता बच सकती है। अगर स्टे नहीं मिला तो विधायकी जाना लगभग तय है।

**राज्यसभा की तीसरी सीट बचाना चुनौती-** मप्र में राज्यसभा की तीसरी सीट पर सस्पेंस बढ़ गया है। मध्य प्रदेश में राज्यसभा की तीसरी सीट पहले से ही चर्चा में थी। अब इस फैसले ने सियासी गणित और उलझा दिया है। कानून के मुताबिक दो साल से अधिक की सजा होने पर सदस्यता रद्द हो सकती है, ऐसे में अगर उनकी सीट खाली होती है तो विधानसभा का संख्या संतुलन बदलना तय माना जा रहा है। इसका सीधा असर सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों की रणनीति पर पड़ेगा। क्योंकि हर एक विधायक का महत्व बढ़ जाता है। हालांकि भारती के पास राहत का रास्ता अभी खुला है और वे 15 दिनों के भीतर हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सजा पर स्थगन हासिल कर सकते हैं।

# पदाधिकारीगणों ने व्यापार महासंघ का चार्ज ग्रहण किया

**विदिशा,(निप्र)।** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर विदिशा व्यापार महासंघ के नव निर्वाचित पदाधिकारी गणों ने व्यापार महासंघ का चार्ज ग्रहण किया। चार्ज ग्रहण के समय वरिष्ठ व्यापारीगण, पूर्व पदाधिकारीगण और मीडिया बंधु गण उपस्थित थे। पूर्व अध्यक्ष श्री मुन्ना भैया जैन के ऑफिस में लेखा जोखा एवं महासंघ से संबंधित सभी प्रकार के कागजात आदि का हस्तांतरण कर ग्रहण किया .पूर्व अध्यक्ष श्री मुन्ना भैया जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राजेश जी जैन को महासंघ भवन की चावी सुपुर्द की। पूर्व महामंत्री नवल शास्त्री ने नव निर्वाचित महामंत्री नरेंद्र सोनी को समस्त प्रकार के डॉक्युमेंट्स ,रजिस्टर आदि सुपुर्द किया. कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल ने श्री राजकुमार अग्रवाल को कोष संबंधित चार्ज दिया. कार्यक्रम में मुन्ना भैय्या जैन, राजेश जैन, नरेंद्र सोनी, हरीश बादवानी, नवल शास्त्री, विश्वनाथ अग्रवाल, जितेंद्र जैन , आशीष महेश्वरी, विवेक शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, मनीष अरोरा एवं अन्य सभी वरिष्ठ व्यापारियों द्वारा नवीन पदाधिकारियों को शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की ।इसी क्रम में अध्यक्ष राजेश जैन ने विदिशा के व्यापार को और समृद्धशाली बनाने हर छोटे व्यापारी और युवा व्यापारियों को नए उद्यम स्थापित करने हेतु सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ व्यापारियों तक पहुंचे एवं नवीन व्यापार भवन सहित समय-समय पर व्यापारियों के साथ संवाद बनाकर महासंघ को और अधिक मजबूत बनाने सहित कई विषय में अपनी बात रखी।



### हनुमान जयंती पर भव्य शोभायात्रा का स्वागत



**आष्टा,(निप्र)।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हिंदू उत्सव समिति एवं ब्राह्मण समाज द्वारा कालोनी चौराहे पर भव्य शोभायात्रा का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।शोभायात्रा में भगवान श्री हनुमानजी के जयकारों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समिति के सदस्यों एवं समाजजनों ने आरती कर पुष्पवर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद रवि शर्मा, संजय सोनी, बंटू, प्रदीप राठौर मोदी, डॉ. कैलाश शर्मा, रवि सोनी एवं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह भूरू मुकाती सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

BIOFIL CHEMICALS AND PHARMACEUTICALS LIMITED
CIN: L24233MP1985PLC002709
**Regd. Office :** B/12-B, Industrial Estate, Pologround, Indore-452015(M.P.)
Tel.: 0731-2426700 | Email : bcplcompliance@gmail.com | Website: www.biofilgroup.net

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**
**SPECIAL WINDOW FOR TRANSFER AND DEMATERIALISATION OF PHYSICAL SECURITIES**

Please note that a Special Window for Transfer and Dematerialization (Demate) of Physical Shares will remain open for a period of one year from February 05, 2026 to February 04, 2027 pursuant to SEBI Circular HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated 30th January, 2026 ("SEBI CIRCULAR").
The facility of special window is for lodgment of physical securities transfer and dematerialization ("demat") which were sold/purchased prior to April 01, 2019. Kindly refer to the matrix below with regards to the applicability of lodgment:-

| Execution Date of Transfer Deed | Lodged for transfer before April 01, 2019? | Original Security Certificate Available? | Eligible to lodge in the current window? |
|---|---|---|---|
| Before April 01, 2019 | No (It is fresh lodgment) | Yes | Yes |
| Before April 01, 2019 | Yes (It was rejected/returned earlier) | Yes | Yes |
| Before April 01, 2019 | Yes | No | No |
| Before April 01, 2019 | No | No | No |

Kindly note that the request(s) which are accompanied by original certificate(s) along with transfer deeds and relevant supporting documents will only be considered under this special window. The securities so transferred shall be mandatorily credited to the transferee only in demat mode and shall be under lock-in for a period of one year from the date of registration of transfer. Such securities shall not be transferred/lien-marked/pledged during the said lock-in period.
Further any query on the above matter, shareholders are requested to contact to the Company's Registrar and Share Transfer Agents Ankit Consultancy Private Limited, 60 Pardeshipura, Electronic Complex, Indore (M.P.). **Email: investor@ankitonline.com** Phone: 0731-4065799
For further information, please refer to the link for SEBI Circular on **https://www.sebi.gov.in/legal/circulars/jan-2026/ease-of-doing-investment-special-window-for-transfer-and-dematerialisation-of-physical-securities_99411.html**

By order of the Board
For **Biofil Chemicals And Pharmaceuticals Limited**
Sd/-
**Apoorv Jain**
Company Secretary & Compliance Officer
M. NO. A71739
Place : Indore
Date: 02-04-2026
C/o/n/e/y-Ad